# देवरी टीका लूटकांड : 150 दिनों से फरार हैं 5 आरोपी

## हाई कोर्ट से सुरेश डेहरिया एवं जयंत डेहरिया की अग्रिम जमानत वापस ली गई मानकर खारिज

**अमान सिंह शिववेदी एवं यदुनाथ गुमास्ता की सेशन कोर्ट से अग्रिम जमानत हो चुकी है निरस्त**



**सिवनी नवभारत।** 17 सितंबर 2025 को थाना धनोरा के ग्राम देवरी टीका में पेशे से पत्रकार प्रदीप दुबे की निजी भूमि में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने तहसीलदार धनोरा के आदेश के निष्पादन के दौरान की गई लूट, बलवा, गंभीर चोट, अवैध रुपयों की मांग की घटना को अंजाम देने वाले 12 नाम जद तथा 2 विवेचना के दौरान बढ़ाए गए आरोपीयों में से पांच आरोपी 150 दिनों से फरार चल रहे है जिनमें से आरोपी सुरेश डेहरिया और जयंत डेहरिया की अग्रिम जमानत माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में लम्बी बहस के बाद वापस ली गई मान कर दिनाँक 07/01/2026 को खारिज कर दी गई तथा आरोपी यदुनाथ गुमास्ता की अग्रिम जमानत माननीय सेशन कोर्ट ने अपराध की गंभीरता एवं आरोपी की संलिप्ता के आधार पर दिनाँक 09/02/2026 को निरस्त कर दी गई । इसी प्रकरण में व्यापक आपराधिक रिकार्ड वाला आरोपी अमान सिंह शिववेदी की अग्रिम जमानत माननीय सेशन कोर्ट ने निरस्त कर दी। उल्लेखनीय है कि अमान सिह शिववेदी जनपद धनौरा के वार्ड क्रमांक 8 कुडारी से जनपद सदस्य है तथा यदुनाथ गुमास्ता जनपद धनौरा के इसी वार्ड से पूर्व जनपद सदस्य है, आरोपी जयंत डेहरिया भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल धनोरा का अध्यक्ष है एवं आरोपी सुरेश डेहरिया भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला मंत्री है जिनको पुलिस का संरक्षण प्राप्त है जो खुलेआम घूम रहे हैं।

**गिरफ्तारी की मांग**

सूत्रों की माने तो आरोपी रामकृष्ण डेहरिया ने 150 दिनों के बाद भी अब तक जमानत के लिए अग्रिम जमानत आवेदन किसी भी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया है, पुलिस के द्वारा संरक्षण दिया जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर इस प्रकरण की फरियादी प्रदीप दुबे ने माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है अब देखना यह होगा कि इस मामले में और कितने समय तक पुलिस आरोपियों को मौका देती रहेगी या फिर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करेगी ?

**द्वारकाधीश राधाकृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव**

## 22 फरवरी को भव्य शोभायात्रा, ऐतिहासिक स्वरूप देने व्यापक तैयारियां प्रारंभ





**सिवनी नवभारत।** नागपुर-सिवनी मार्ग पर स्थित पावन भूमि सीलादेही में आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति का अनुपम उत्सव साकार होने जा रहा है। द्वारकाधीश राधाकृष्ण मंदिर का भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आगामी 26 फरवरी को वैदिक विधि-विधान एवं दिव्य अनुष्ठानों के साथ संपन्न होगा। इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक आयोजन के अंतर्गत 21 फरवरी से 28 फरवरी तक, फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशी से फाल्गुन शुक्ल दशमी पर्यंत, गीता मनीषी ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी की सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भी विराट आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा-भावना को केंद्र में रखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र शिविर का आयोजन भी सुनिश्चित किया गया है, जिससे धर्म के साथ सेवा का संदेश सशक्त रूप से समाज तक पहुंचे। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की श्रृंखला में 22 फरवरी को एक अत्यंत भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा दोपहर 1:00 बजे मठ मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर ढीमरी मोहल्ला, दुर्गा चौक, गिरजा कुंड, नगर पालिका परिसर, शंकर मढिया, महावीर मढिया, छिंदवाड़ा चौक होते हुए पुनः सीलादेही पहुंचकर संपन्न होगी। शोभायात्रा में द्वारकाधीश मंदिर में प्रतिष्ठित होने वाली मूर्ति, श्रीमद्भागवत जी, कलश, महाकाल की झांकी, पूज्यपाद शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज, भागवताचार्य गीता मनीषी निर्विकल्प जी सहित अनेक संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। नगर भर में शोभायात्रा को लेकर उत्साह चरम पर है। जगह-जगह भव्य स्वागत द्वार, पुष्प सज्जा एवं धार्मिक अलंकरण से नगर एक आध्यात्मिक नगरी का स्वरूप ग्रहण कर रहा है।



## ग्राम पंचायत पलारी में बिना अनुमति भरा बाजार

**सिवनी नवभारत। शासन के कड़े निर्देशों के बावजूद ग्राम पंचायत पलारी में बिना किसी वैध अनुमति के साप्ताहिक बाजार का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशासनिक नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई। हैरानी की बात यह रही कि इस गैर-कानूनी आयोजन में सिवनी जनपद अध्यक्ष सहित कई जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।**

बाजार में किरन भलावी (जनपद अध्यक्ष, सिवनी), राजेश सोलंकी (जनपद सदस्य), और रंजीता शिववंशी विशेष रूप से मौजूद रहीं। इनके साथ ही राजेंद्र ठाकुर (उपसरपंच, पलारी), विनोद राय (पूर्व सरपंच), करन सिंह भलावी (सरपंच, डूंगरिया), अनीता संतोष बाघमारे व सुनील सूर्यवंशी (पंच) और सुन्दर शर्मा सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अधिकारियों का पक्षः इस संबंध में जब स्थानीय पंचायत सचिव और प्रशासनिक अधिकारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने मामले से अनभिज्ञता जताई। प्रशासन अब इस बात की जांच कर सकता है कि बिना अनुमति के इतनी बड़ी भी ? कैसे एकत्रित हुई।

**ग्रामीणों में आक्रोश**

क्षेत्र के कुछ जागरूक नागरिकों का कहना है कि जब आम जनता के लिए नियम सख्त हैं, तो जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में नियमों का उल्लंघन क्यों किया जा रहा है? क्या कानून केवल कागजों तक ही सीमित है?

**प्रशासनिक अनुमति पर उठे सवाल**

सूत्रों के अनुसार, इस बाजार के आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन या संबंधित विभाग से कोई लिखित अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर किसकी शह पर नियमों को ताक पर रखकर बाजार भरवाया गया?

### एक नजर में

## अरविंद परवारी बने श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष



**लखनादौन।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष मनीष जैन की सहमति से और प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया जी के निर्देश पर, जिला अध्यक्ष कृष्ण नन्दन श्रीवास्त्री की अनुशंसा के बाद जिला महासचिव कन्हैया प्रजापति ने वरिष्ठ पत्रकार अरविंद परवारी को श्रमजीवी पत्रकार संघ का लखनादौन ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया है।अरविंद परवारी लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। क्षेत्र की समस्याओं को जिम्मेदारी के साथ सामने लाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अरविंद परवारी के अनुभव और सक्रियता से लखनादौन ब्लॉक में संगठन और मजबूत होगा। पत्रकार साथियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद परवारी ने संगठन का आभार जताते हुए कहा कि वे सभी पत्रकार साथियों को साथ लेकर काम करेंगे और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास करेंगे।

## नि :शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिवनी।** प्राचार्य शासकीय आई टी आई सिवनी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना पीएमकेवीवाई 4 .0 के अंतर्गत शासकीय आईटीआई सिवनी को 300 प्रशिक्षण का लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इसके तहत युवाओं के लिए रोजगार आधारित तीन शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण शुरू किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य कम समय में कौशल प्रदान कर राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। सभी प्रशिक्षण पूरी तरह नि :शुल्क हैं। फिटर फैब्रिकेशन ट्रेड के लिए 10वीं के साथ आईटीआई या 12वीं या आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण अवधि 540 घंटे है और 90 सीटें निर्धारित हैं। गैस टंगस्टन आर्क वेल्डिंग ट्रेड के लिए 8वीं के साथ आईटीआई या 10वीं के साथ आईटीआई या 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र हैं। प्रशिक्षण अवधि 510 घंटे है और 90 सीटें उपलब्ध हैं।

## मानसिक रूप से स्वस्थ रहने विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

**दो दिवसीय जागरूकता सेमिनार**



**सिवनी नवभारत।** जिले के उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों में आत्महत्या और मानसिक तनाव रोकने के लिए जिला स्तर पर गठित राष्ट्रीय टास्क फोर्स की जिला इकाई के तहत दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में किया गया. इस सेमिनार के माध्यम से विशेषज्ञों ने युवा छात्र-छात्राओं को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स दिए.

कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज टेंभरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सेमिनार के पहले दिन रसायन विज्ञान विभाग में सेमिनार के अंतर्गत छात्रों को जानकारी दी गई. भोपाल से पधारे विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र सहारे ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और बेहद उपयोगी जानकारी दी. कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राउर ने भी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के उपाय बताए.

इसी प्रकार, दूसरे दिन प्राणी विज्ञान विभाग में आयोजित सेमिनार में भोपाल से पधारे विषय विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार निगम ने अपने व्याख्यान के माध्यम से बिना कोई तनाव लिए मानसिक रूप से प्रसन्न रहने की सलाह दी. दूसरे विशेषज्ञ के रूप में डॉ मनोज कुमार टेंभरे ने बताया कि युवाओं में आत्महत्या और मानसिक अवसाद रोकना समाज के लोगों का नैतिक कर्तव्य है। एनटीएफ की जिला इकाई के संयोजक डॉ. टेंभरे ने कहा कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए ध्यान देना होगा. बताया कि सभी कॉलेजों में प्रेरणाप्रद जीवनी, आत्मकथा और प्रेरक साहित्य छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है. अभिभावक-शिक्षक संघ स्थापित कर युवाओं और माता-पिता तथा शिक्षकों के बीच सक्रिय संवाद स्थापित करने की पहल की जा रही है. बताया कि क्लब- कल्चर के माध्यम से छात्र-छात्राओं का मानसिक दबाव कम किया जा सकता है. डॉ. टेंभरे ने बताया कि शिक्षा संस्थानों को तंबाकू और नशा मुक्त परिसर बनाने का प्रयास भी जिला इकाई द्वारा किया जा रहा है. बताया कि जिला एनटीएफ का उद्देश्य छात्रों में आत्महत्या के कारणों का पता लगाना, जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के उपाय सुझाना और आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए व्यवहारिक नीतियाँ का अनुसरण करना है। रैगिंग, शैक्षणिक दबाव, आर्थिक तनाव और भेदभाव जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देकर छात्र-छात्राओं की काउंसिलिंग भी की जाएगी. जिले के मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों को भी छात्र छात्राओं की काउंसलिंग और परिचर्चा तथा कार्यशाला में समय-समय पर आमंत्रित किया जाएगा. दो दिवसीय सेमिनार में प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग, जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय, स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर, नोडल अधिकारी डॉ.मनोज टेंभरे, प्रोफेसर रचना सक्सेना, अध्यक्ष रसायन विभाग, डॉ राधेश्याम डेहरिया, अध्यक्ष प्राणी विज्ञान विभाग समेत प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं तथा कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहे।

## विधानसभा में दिनेश राय ने उठाये मुद्दे

**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश विधानसभा सत्र में आज सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा शालाओं के भवनों का संधारण, सिंचाई जलाशयों की नहरों की मरम्मत, परिवहन बस सेवा में लगेज की अनुमति, सी.एम.सुगम परिवहन सेवा का संचालन एवं क्षेत्र में मार्ग और हाई स्कूलों का हॉयर सेकेण्डरी स्कूलों में उन्नयन के संबंध में याचिका प्रस्तुत की गई। विधानसभा सत्र में विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा क्षेत्र में शालाओं के भवनों का संधारण के संबंध में किये गये प्रश्न का उत्तर देते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 44 जीर्णशीर्ण प्राथमिक/माध्यमिक शालाओं में से 05 नवीन भवन स्वीकृत किये गये हैं। शेष शाला भवनों के प्रस्ताव वार्षिक कार्ययोजना में सम्मिलित हैं, जिनके निर्माण के लिए स्वीकृत, बजट की उपलब्धता पर निर्भर करेगी। कोई भी शास.हाई/हॉयर सेकेण्डरी स्कूल भवन की इमारत जर्जर अवस्था में नहीं है। शालाओं की अधोसंरचना के अनुरक्षण हेतु जिले को राशि 25 लाख जारी किया गया है। विद्यार्थी नामांकन के अनुसार अतिरिक्त आवश्यकता होने पर उपलब्ध बजट अनुसार अधोसंरचना सुदृणीकरण कार्य किया जाता है, जो बजट की उपलब्धता एवं सक्षम समिति की स्वीकृति पर निर्भर करता है। सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 25 प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में 32 अतिरिक्त कक्ष, 203 शालाओं में बाउंड्रीवाल, 193 शालाओं में मरम्मत कार्यों का चिन्हाकन किया गया है।

अतिरिक्त कक्ष, बाउंड्रवाल सहित कई अधोसंरचना निर्माण मांग, प्रस्ताव एवं बजट की उपलब्धता पर निर्भर करता है, जिसकी समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। आगे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन के सिंचाई जलाशयों की नहरों की मरम्मत से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट ने बताया कि नहरों से जल प्रवाह के रिसाव का समावेश करते हुए नहरों में जल प्रवाहित किया जाता है, जो व्यर्थ पानी बहने की श्रेणी में नहीं आता है।

## रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित जनऔषधि केंद्र में नहीं मिलती जरूरत की दवाएं




**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना का उद्देश्य आम लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है, लेकिन नगर में जिला चिकित्सालय स्थित गेट नं. 2 में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की हालात इससे बिल्कुल उलट है। हल्की खांसी-जुकाम और बुखार की कुछ सामान्य दवाओं को छोड़ दें, तो अधिकांश गंभीर बीमारियों जैसे मधुमेह, हृदय रोग, रक्तचाप, थायराइड, किडनी, अस्थमा, न्यूरोलॉजी और स्त्री रोग संबंधी दवाएं तक उपलब्ध नहीं मिलतीं। हालत यह है कि केंद्र पर सन्नाटा रहता है और मरीजों को महंगी ब्रांडेड दवाएं खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इसके लिये एक हद तक डाक्टर भी जिम्मेदार हैं। वे जनऔषधि केंद्रों में मिलने वाली दवा पर्चे में लिखते ही नहीं है। जिला चिकित्सालय स्थित, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित जनऔषधि केंद्र में लोग यहां पर पहुंचते तो हैं, लेकिन आवश्यक दवा न मिलने पर उन्हें वापस लौटना पड़ता है। बारापत्थर निवासी सिया भलावी बताती हैं कि जनऔषधि केंद्र कुछ सामान्य दवाओं तक सीमित है। गंभीर रोगों के लिए जरूरत पड़ने वाली दवाओं का स्टॉक या तो नहीं आता, या फिर बहुत कम मात्रा में आता है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि आपूर्ति में अनियमितता और मॉनिटरिंग की कमी के कारण जिला चिकित्सालय स्थित, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित जनऔषधि केंद्र की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि जनऔषधि केंद्र पर बाहरी कंपनियों की दवाएं बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। जिला चिकित्सालय स्थित, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित खुले जनऔषधि केंद्र में आज दिनांक तक सीएस द्वारा छापामार कार्रवाई करके दवाएं नहीं पकड़ी गईं। बता दें कि योजना के नियमों में स्पष्ट है कि केंद्र पर केवल जनऔषधि की दवाएं ही उपलब्ध कराई जानी चाहिए, लेकिन संचालक मुनाफे के फेर में बाहरी दवाएं रख रहा है। जनऔषधि केंद्र की वेबसाइट और सूची में लगभग 1800 दवाएं उपलब्ध होने का दावा किया जाता है, मगर जमीनी हकीकत में शायद ही 20 से 25 दवाएं नियमित मिलती हों। इसके चलते ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट और थायराइड जैसी दवाओं पर निर्भर हजारों मरीजों को महंगे दामों पर दवा खरीदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। कई लोग बताते हैं कि जहां 40 से 60 रुपये में मिलने वाली जनऔषधि की दवा उपलब्ध नहीं होती, वहीं बाहर से वही दवा 200 से 300 रुपये में लेनी पड़ रही है।

## राधिका कश्यप को मिली वर्ल्ड कराते फेडरेशन की जज उपाधि



**सिवनी नवभारत।** सेंसेई राधिका ओमकार कश्यप ने वर्ल्ड कराते फेडरेशन की जज की उपाधि प्राप्त की। जिला कराते संघ सिवनी की प्रशिक्षिका सेंसेई राधिका कश्यप ने कराते विधा में फुजिराह (दुबई) में दिनांक 7 से 11 फरवरी 2026 वर्ल्ड कराते फेडरेशन की परीक्षा पास की, ज्ञात है कि मध्यप्रदेश की प्रथम महिला है जो वर्ल्ड जज बनी है।

कराते इंडिया आर्गेनाईजेशन के अध्यक्ष हंशी भारत शर्मा एवं सचिव कियोशी संजीव जांगड़ा एवं मध्यप्रदेश के सचिव शिहांन महेश कुशवाहा एवं अध्यक्ष शिहांन राजेन्द्र तोमर एवं KIO रेफ़री कमीशन मेम्बर शिहांन अनूप डेथे के मार्गदर्शन में सेंसेई राधिका कश्यप ने वर्ल्ड कराते कुमिते जज-क्की उपाधि प्राप्त की। शिहांन ओमकार कश्यप ने बताया कि सेंसेई राधिका कश्यप मेरी बेटी है, जिन्होंने पूरा जीवन इस विधा में लगा दिया है, बड़े गौरव की बात है कि सिवनी जिला एवं मध्यप्रदेश के नाम को गौरव किया है।

दिनेश राय मुनमुन विधायक सिवनी, डॉ सुनील अग्रवाल संचालक जिंदल हॉस्पिटल सिवनी, अंकित संचालक मालू माउंट लीटर स्कूल, श्रीमति मकसूदा मिर्ज़ा पूर्व संभागीय अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग, श्रीमति मनु धुर्वे सिवनी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, नरेश सिंह राजपूत संचालक गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट, श्रीमति वंदना नैय्यर तिवारी संचालक मॉर्डन हायर सेकेंडरी स्कूल, डॉ गुरु नंदन शिद्धु संचालक शिद्धु हॉस्पिटल, तरुण श्रीवास एडवोकेट, अदीप आर्य एडवोकेट, महंत हरि मुकुंद गिरी बाबा, नीरज वर्मा, सुबोध बाझल, मनीष मोनू मिश्रा विधायक खेल प्रतिनिधि, पृथ्वी राज जागने एवं समस्त खेल संघ एवं खेल प्रेमियों एवं जिले के समस्त खिलाडियो एवं अभिभावकों ने सेंसेई राधिका कश्यप को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाए की।

## संस्कृत विषय की मुख्य परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न

**सिवनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल / हायरसेकेण्डरी मुख्य परीक्षा अंतर्गत जिले के 84 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षाएं दिनांक 10/02/2026 से 07/03/2026 तक प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक संचालित की जा रही हैं। परीक्षा में कुल दर्ज परीक्षार्थी 13,288 रहे, जिनमें से 13,057 उपस्थित एवं 231 अनुपस्थित रहे। नकल प्रकरण निरंक पाया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ लोकन्यास पंजीयक लखनादौन, जिला- सिवनी (म0प्र0)**
क्र. /रीडर -, 1/2026
लखनादौन दिनांकः-06 फरवरी 2026
**प्रारूप कमांक-04 (देखें नियम 5 (1)**

**सूचना पत्र**

मध्यप्रदेश लोकन्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) धारा 5 की उपधारा (2) और मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1962 के नियम 5 (1) के द्वारा
रा.प्र. क. :- 0002 / बी-113/2025-26
ग्राम- सेलुवा, प.ह.नं. 82, रा.नि.मं. लखनादौन तहसील लखनादौन जिला-सिवनी म.प्र.

चूंकि आवेदकगण श्रीमति ममता शर्मा पिता श्री राजकुमार शर्मा निवासी ग्राम गनेशगंज, सुरेश साहू पिता कोमलचंद साहू, निवासी वार्ड क्रमांक 7 लखनादौन तहसील लखनादौन जिला सिवनी एवं अन्य के द्वारा म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30 ) की धारा 4 के अंतर्गत कथित लोक न्यास श्री शंकर जी चुबतरा मंदिर' ग्राम सेलुवा प.ह.नं. 82 रा.नि.मं. व तहसील लखनादौन जिला सिवनी के भूमि खसरा नंबर 26/1, 26/2 में स्थित, के पंजीयन हेतु आवेदन, अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति के लिए प्रस्तुत किया गया है। एतद द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर दिनांक 11 मार्च 2025 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जाएगा। अतः मैं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लखनादौन, जिला-सिवनी, लोकन्यासों का पंजीयक, अपने न्यायालय में दिनांक 06 फरवरी 2026 को उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के यथा अपेक्षित जांच करना प्रस्थापित करता हूं। अतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या संपत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति इस सूचना पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत कर सकता है, और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए। उपरोक्त अवधि के अवसान के उत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नही लिया जावेगा।

**अनसूची**
1. लोक न्यास का नाम :श्री शंकर जी चूबतरा मंदिर
2. लोक न्यास का पताः- ग्राम सेलुवा प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. व तहसील लखनादौन, जिला-सिवनी म.प्र. न्यास की चल संपत्ति :- चल एवं अचल संपत्ति की कुल कीमत 2,00,000/- रूपये (दो लाख रूपये )
3. न्यास की अचल संपत्ति :- ग्राम सेलुवा प.ह.न. 82 राजस्व निरीक्षक मण्डल व तहसील लखनादौन जिला-सिवनी म. प्र. स्थित भूमि खसरा नंबर 26/1, 26/2 रकवा 1.33 हे. भूमि. आज दिनांक 09 जनवरी 2026 को सूचना पत्र मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा के आधीन जारी।'

**जारी दिनांक :- 06 फरवरी 2026**
**नियत दिनांक :-11 मार्च 2026**
**(रवि कुमार सिहाग) लोकन्यास पंजीयक / अ.वि.अ. (रा.) लखनादौन, जिला- सिवनी**

**बैठक** ग्राम विकास की योजनाएं एवं शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चर्चा

## देव संस्कृति फाऊंडेशन ने आयोजित की सेक्टर बैठक, लिये गये निर्णय



**सिवनी नवभारत।** 18 फरवरी को नवांकुर संस्था देव फाऊंडेशन द्वारा सेक्टर सुकतरा विकासखंड कुरई जिला सिवनी के ग्राम बिहिरिया में आंगनवाड़ी केंद्र मे सेक्टर बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सौरभ शुक्ला जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी के मार्गदर्शन एवं विशेष रूप से आमंत्रित श्री कुलदीप सिंह ठाकुर जी मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक कुरई की उपस्थिति में की गई । बैठक की अध्यक्षता कर रहे देव संस्कृति फाऊंडेशन के अध्यक्ष रंजीत रानू साहू द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन कर बैठक प्रारंभ की गई। बैठक में उपस्थित सभी प्रस्फुटन समिति के सदस्य गणों ने अपने पिछले माह के कार्यों का क्रमवार विवरण प्रस्तुत किया । इस बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कलबोड़ी , मोहगांव सड़क, सुकतरा, छीतापार, सारसडोल, सिललोर, परतापुर, गोंडेगाव आदि के समिति सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक का उद्देश्य ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो को सशक्त बनाना एवं उनका विधिवत दस्तावेजी करण करवाना था। इस बैठक में स्वदेशी ,जागरूकता ,पर्यावरण, स्वच्छता, शिक्षा एवं संस्कार ,ग्राम विकास की योजनाएं एवं शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चर्चा की गई।

बैठक में सेक्टर स्तर पर ग्राम सारसडोल में नर्सरी तैयार करने पर भी विचार किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कुलदीप सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रस्फुटन समितियो को आगामी माह की कार्य योजना बनाकर कार्य करना चाहिए इस पर प्रकाश डाला सभी समितियो ने आगामी महीने की कार्य योजना में स्वच्छता एवं सफाई का कार्य करने के लिए अपना मत रखा। देव संस्कृति फाऊंडेशन के अध्यक्ष रंजीत रानू साहू ने कहा कि आगामी दिनों में ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो रही है, इस हेतु हमें सभी प्रस्फुटन समितियो को जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के स्थान के आसपास की सफाई एवं सार्वजनिक स्थानों पर जल प्याऊ केंद्र बनाकर जनमानस को सहायता प्रदान करने का लक्ष्य रखा । आज की बैठक का सफल संचालन सचिव अशोक शिववेदी ने किया । बैठक में मुख्य रूप से श्रीमति गौरी विश्वकर्मा ,शशि चंदेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुनीता चंदेल , सुनीता बरमैया, केवल सिंह रहांगडाले,श्री दिलीप रजक ,गोकल प्रसाद चक्रवर्ती,रश्मि सरयाम, कुमारी रोशनी सरेआम एवं मेंटर विशाल कुमार नागवंशी , काशीराम पंचेश्वर,गिरीन चौरसिया, मनीषा उइके आदि की उपस्थिति रही।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कलेक्टर- कमिश्नर कॉन्फ्रेस



**सिवनी नवभारत।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कलेक्टर- कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, शिक्षा, रोजगार, उद्योग एवं निवेश, राजस्व और सुशासन से जुड़े प्रमुख विषयों पर चर्चा करते हुए सभी जिलों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नवीन शैक्षणिक सत्र में नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट कम करने, आंगनवाड़ी व प्राथमिक विद्यालयों के को-लोकेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, लखपति दीदी योजना, वनाधिकार दावों के पुनर्परीक्षण, एक जिला एक उत्पाद, कौशल विकास गतिविधियों तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रभावी निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और डिजिटल प्लेटफॉर्म के अधिक उपयोग के निर्देश भी दिए गए।

आयोजित वीडियों कॉफ्रसिंग में प्रदेश के सभी संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टर शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर शीतला पटले,पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।